भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1459 का उत्तर

बरवाडीह डिपो में माल दुलाई रखरखाव सुविधाएं

1459. श्री दुलू महतो:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बरवाडीह डिपो में माल दुलाई रखरखाव सुविधाओं में सुधार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) बरवाडीह डिपो में मालभाड़ा रखरखाव सुविधाओं के लिए सुधार परियोजना की वर्तमान स्थिति और अनुमानित लागत कितनी है;

(ग) उक्त डिपो में माल ढुलाई रखरखाव सुविधाओं के लिए किन-किन सुधारों की योजना बनाई गई है;

(घ) क्या इन सुधारों से उक्त डिपो में माल ढुलाई की प्रचालनात्मक दक्षता और क्षमता में वृद्धि हुई और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सुधार परियोजना के भाग के रूप में किसी अतिरिक्त अवसंरचना अथवा उपकरण की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इस परियोजना को शुरू नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च) भारतीय रेल ने गाड़ी परिचालन में संरक्षा सुधार लाने, परिचालनिक दक्षता में सुधार लाने, माल डिब्बों के टर्नअराउंड समय को कम करने आदि के लिए अपनी माल ढुलाई अनुरक्षण सुविधाओं के उन्नयन/संवर्द्धन/सुधार सहित कई कदम उठाए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान इस पहल के लिए 7,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले कार्य किए गए हैं।

S.K

बरवाडीह में माल ढुलाई अनुरक्षण सुविधाओं के सुधार के लिए 29.48 करोड़ रुपए की लागत से कार्य स्वीकृत किया गया है।

परियोजना की कुछ प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:-

- **I. शेड का विस्तार, अतिरिक्त सेवा भवन, ओवरहालिंग खंड आदि।**
- **II. विस्तारित शेड में विद्‌युत सुविधाएं तथा प्रकाश व्यवस्था और विद्‌युत आपूर्ति में सुधार करना।**
- **III. आधुनिक मशीनों का प्रावधान।**

****

S.K